मानव अधिकार

इन अधिकारों का यह भी अर्थ है कि आपके बच्चों से आशा की जाती है:

- कि वे नियमित रूप से स्कूल जाकर, स्कूल के नियमों का सम्मान कर और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे कर स्कूल में दी जाने वाली शिक्षा का लाभ उठाएँ।
- कि वे अपने स्कूल और कम्युनिटी के वयस्क और बच्चों की संस्कृति और परम्पराओं के प्रति सम्मान दिखाएँ।
- दूसरों के प्रति भेदभाव से बचें।
- एक विवेकशील, सहिष्णु और शांतिपूर्ण वातावरण विकसित करने में सहायता करें।
- स्कूल में खेलों और अन्य मनोरंजक गतिविधियों में भाग लें।

बच्चों का यह भी कर्त्तव्य है कि:

- परिवार के सभी सदस्यों का आदर करें।
- स्वीकार करें कि आम तौर पर माता पिता ही बच्चों के जीवन के बारे में सबसे अच्छे निर्णय ले सकते हैं।
- सोच समझकर और सम्मान के साथ अपने विचार प्रकट करें।
- अपने घर और समुदाय के प्रति सम्मान प्रकट करें।

ये अधिकार, घर पर क्या होता है, उसे कैसे प्रभावित करते हैं?

एक अभिभावक की हैसियत से, आपको यह निश्चित करना चाहिए कि आपके बच्चों के पास

- पौष्टिक भोजन और पर्याप्त आराम है।
- नियमित रूप से शारीरिक और दन्त चिकित्सा की जाँच उपलब्ध है ।
- एक स्वच्छ सुरक्षित घर और खेल का वातावरण।
- स्कूल जाने खेलने के लिए समय है।
- जो चीज़ें उन्हें और उनके वातावरण को प्रभावित करती हैं, उनके बारे में राय देने का अधिकार है ।

VSB

“The Rights of a Child”

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada   British Columbia   WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

बच्चे के अधिकार

आपके बच्चे की शिक्षा के लिए इनका क्या अर्थ है

मानव अधिकार

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 'बच्चे के अधिकार की घोषणा' को 20 नवंबर, 1989 को अपनाया है। कैनेडा सहित 193 देश, इस घोषणा के सिद्धांतों से सहमत हुए हैं। कैनेडा में 18 वर्ष की आयु से कम सभी को बच्चा माना जाता है।

अधिकार क्या हैं?

अधिकार उम्र, जाति, रंग, लिंग, भाषा, धर्म, राजनीतिक विश्वास, राष्ट्रीय या सामाजिक मूल की परवाह न करते हुए हर व्यक्ति की बुनियादी स्वतंत्रता हैं ।

'बच्चे के अधिकार की घोषणा' क्या कहती है?

'बच्चे के अधिकार की घोषणा' कहती है कि:

- क्योंकि बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से अपरिपक्व होते हैं, इसलिए उन्हें विशेष सुरक्षा की जरूरत है।
- माता पिता और कैनेडा की सरकार बच्चों को यथा सम्भव जो भी सबसे अच्छा दे सकते हैं, वह उन्हें अवश्य मिलना चाहिए।
- ये अधिकार जाति, रंग, लिंग, भाषा, राजनीतिक मान्यताओं, राष्ट्रीय या सामाजिक मूल की परवाह किए बिना सभी बच्चों के लिए लागू होते हैं।

'बच्चे के अधिकार की घोषणा' में शामिल कुछ अधिकार कौन कौन से हैं?

सभी बच्चों को अधिकार है कि:

- स्वतंत्रता और गरिमा के साथ सामाजिक और भावनात्मक रूप से विकसित होना ।
- यदि वे शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से विकलांग हैं तो उनके लिए विशेष उपचार और देखभाल।
- मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा जो उनकी संस्कृति को बढ़ावा दे और प्रतिभा को विकसित करे।
- खेलना और मनोरंजन।
- उपेक्षा के सभी रूपों से रक्षा।
- भेदभाव के किसी भी रूप से संरक्षण।
- समझ, सहनशीलता, दोस्ती और शांति की भावना के साथ पालन पोषण।

यह स्कूल में आपके बच्चों को कैसे प्रभावित करते हैं ?

ये अधिकार सुनिश्चित करते है कि आपके बच्चों को ऐसी स्वतंत्र शिक्षा उपलब्ध है जो:

- उनके नाम, राष्ट्रीयता, संस्कृति, और परंपराओं का आदर करती है।
- उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करती है।
- उन्हें भेदभाव के किसी भी रूप से बचाती है।
- एक समझ बूझ वाला, सहिष्णु और शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करती है।
- उनकी प्रतिभा विकसित करती है।
- खेलने और मनोरंजन के लिए भी समय सम्मिलित करती है।
- यदि विशेष उपचार और देखभाल की आवश्यकता है तो वह भी प्रदान करती है।